राष्ट्रीय उपस्थिति का सांस्कृतिक संस्थान

# विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान

संस्कृति भवन, लाजपतराय मार्ग (सलारपुर रोड), कुरुक्षेत्र–136 118

VIDYA BHARTI SANSKRITI SHIKSHA SANSTHAN

Sanskriti Bhawan, Lajpatrai Marg (Salarpur Road), Kurukshetra - 136 118 (Haryana)

Website : www.samskritisansthan.com; E-mail : sgp@samskritisansthan.org

Tel./Fax : 01744-251903, 270515 Mob./Whatsapp : 9812520301, 7419996400, 7419996300, 7419996200

पत्रांक : 197/90/2021 दिनांक : 11.10.2021

तिथि : आश्विन शुक्ल षष्ठी, वि.सं. २०७८, युगाब्द ५१२३

**विषय- विद्या भारती अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव-2021 की तिथि परिवर्तन एवं आयोजन सम्बन्धी सूचनाएँ।**

आदरणीय बन्धुवर,

सप्रेम नमस्कार।

आशा है, स्वस्थ - प्रसन्नचित्त होंगे।

विद्या भारती अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव-2021 के आयोजन के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि नियमावली एवं संस्थान द्वारा प्रेषित पत्र क्रमांक 78/27/2021 दिनाँक 20.08.2021 में जो तिथियाँ सुनिश्चित की गई थीं उसमें परिवर्तन करते हुए अब यह महोत्सव कार्तिक पूर्णिमा से मार्गशीर्ष कृष्ण प्रतिपदा, विक्रमी संवत् २०७८ तदनुसार दिनांक 19 से 20 नवम्बर 2021 तक आभासीय पटल (Vritual Mode – ZOOM) के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव का सीधा प्रसारण यूट्यूब, फेसबुक पर किया जाएगा। अनावश्यक व्यय न हो इसलिए ऑनलाइन आयोजन पर विचार हुआ है। जिससे समय व श्रम की बचत हो सके।

संस्कृति महोत्सव के सभी कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएँ ZOOM के माध्यम से सम्पन्न होंगी। जिसका लिंक क्षेत्रीय प्रतियोगिता का परिणाम प्राप्त होने पर भेजा जाएगा। इसमें निम्नलिखित प्रतियोगिताएँ होंगी। विभिन्न वर्गों में आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं का दिनाँक, समय सहित विस्तृत विवरण इस प्रकार है –

| दिनाँक | समय | प्रतियोगिताएँ एवं कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 19.11.2021 | प्रातः 10:45 बजे | उद्घाटन |
| 19.11.2021 | प्रातः 11:30 बजे | कथा-कथन – शिशु वर्ग (कक्षा 4-5) |
| 19.11.2021 | अपराह्न 2:30 बजे | कथा-कथन – बाल वर्ग (कक्षा 6-7-8) |
| 19.11.2021 | सायं 5:30 बजे | पत्र-वाचन – आचार्य वर्ग |
| 20.11.2021 | प्रातः 9:00 बजे | आशु (तात्कालिक) भाषण – किशोर वर्ग (कक्षा 9-10) |
| 20.11.2021 | प्रातः 11:30 बजे | आशु (तात्कालिक) भाषण – तरुण वर्ग (कक्षा 11-12) |
| 20.11.2021 | अपराह्न 2:30 बजे | समापन समारोह एवं परिणामों की घोषणा |

प्रतिभागिता से सम्बन्धित सभी प्रकार के नियम विस्तृत रूप से जानने के लिए संस्कृति बोध परियोजना नियमावली एवं विवरणिका का अवलोकन करें।

**संस्कृति महोत्सव में प्रतिभागिता के लिए सूचनाएँ एवं तकनीकी सावधानियाँ** -

1. प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए संस्कृति बोध परियोजना क्षेत्र संयोजक एवं सह संयोजक दोनों के मोबाइल तथा व्हाट्सएप्प नम्बर उपलब्ध कराए जाएं। जिन क्षेत्रों में क्षेत्र के सह संयोजक नहीं हैं। वहाँ के सहयोगी कार्यकर्ता का नाम व नम्बर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
2. प्रतिभागियों के लिए प्रतियोगिता वेश - अपने-अपने प्रदेश की सांस्कृतिक वेशभूषा अथवा विद्यालय वेश।

... 2 (कृ.पृ.उ.)

राष्ट्रीय उपस्थिति का सांस्कृतिक संस्थान
# विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान
संस्कृति भवन, लाजपतराय मार्ग (सलारपुर रोड), कुरुक्षेत्र–136 118
VIDYA BHARTI SANSKRITI SHIKSHA SANSTHAN
Sanskriti Bhawan, Lajpatrai Marg (Salarpur Road), Kurukshetra - 136 118 (Haryana)
Website : www.samskritisansthan.com; E-mail : sgp@samskritisansthan.org
Tel./Fax : 01744-251903, 270515 Mob./Whatsapp : 9812520301, 7419996400, 7419996300, 7419996200



3. प्रतियोगिता में भाग लेते समय आयोजन से पूर्व सुनिश्चित करना आवश्यक है कि प्रतिभागिता कक्ष में समुचित गति के दो अलग–अलग कम्पनी के इंटरनेट कनैक्शन युक्त मोबाइल / ब्रॉडबैंड कनैक्शन उपलब्ध हों। कक्ष में बाहर का शोर एवं आवाजें सुनाई न दें। प्रतिभागी माइक युक्त तार वाला हेडफोन लगाकर बैठें।
4. कक्ष का वह भाग जो प्रतिभागी के साथ वीडियो में दिखाई देगा उस पर सामने से प्रकाश आए। उसकी अच्छी सज्जा हो तथा प्रतिभागी के क्षेत्र का नाम उसके पीछे पट्ट पर लिखा हो।
5. प्रतियोगिता के समय इंटरनेट सुविधायुक्त 2 मोबाइल कैमरों की आवश्यकता रहेगी। एक प्रतिभागी के लिए तथा दूसरा उस कक्ष को दिखाने के लिए। दोनों मोबाइल कैमरों का वीडियो ऑन रहेगा और 1 का माइक ऑन तथा दूसरे का माइक बन्द (Mute) रहेगा।
6. प्रतिभागिता कक्ष में प्रतिभागी तथा उसे जूम से जोड़ने वाले तकनीकी विशेषज्ञ (अधिकतम–2) के अतिरिक्त अन्य किसी की उपस्थिति नहीं हो।
7. प्रतिभागिता स्थल पर यदि संभव हो तो एक बड़े हॉल में समारोह को लाइव दिखाने की व्यवस्था विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों द्वारा प्रोजेक्टर अथवा एक बड़ी स्क्रीन लगाकर की जा सकती है। इससे जहाँ श्रोताओं को संस्कृति बोध अभियान की जानकारी होगी वहाँ अन्य विद्यार्थियों/आचार्यो को आगामी सत्र में प्रतिभागिता करने की प्रेरणा भी मिलेगी।
8. 17 नवम्बर 2021 (बुधवार) प्रातः 11:00 बजे महोत्सव का पूर्वाभ्यास रहेगा। उससे पूर्व अपनी तैयारी पूर्ण कर लें।
9. प्रतिभागी अपना परिचय पत्र साथ रखें जिसे माँगने पर प्रस्तुत किया जा सके।

हमें विश्वास है कि आपके क्षेत्र से सभी विजेता प्रतिभागी इस अखिल भारतीय समारोह में अवश्य भाग लेंगे। **इस समारोह का आभासीय पटल (Vritual Mode) पर साग्रह निमंत्रण स्वीकार करें।**

भवदीय
– डॉ॰ रामेन्द्र सिंह
निदेशक

**प्रति प्रेषित –**

1. माननीय अ॰भा॰ महामंत्री– विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान।
2. माननीय अध्यक्ष, विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान।
3. माननीय सचिव, विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान।
4. सभी माननीय क्षेत्रीय एवं प्रदेश संगठन मंत्री/मंत्री महानुभावों को।
5. संस्कृति बोध परियोजना क्षेत्र एवं प्रांत संयोजक महानुभावों को।
6. संस्थान की कार्यकारिणी तथा महासमिति के सभी महानुभावों को।